# PE/II/2024

**SET A**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No. **2017881**

अनुक्रमांक
Roll No. | | | | | | | ← परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **32**

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **100**

समय/Time : **2 घण्टे/Hours**

पूर्णांक/Total Marks : **200**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं – हिन्दी व अंग्रेज़ी में छपी है। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं।
2. प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या **100** है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें।
6. प्रदत्त उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
7. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
8. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्य कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. **All** questions are compulsory.
4. **All** questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work in the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

1. लड़कियों की एक पंक्ति में रमा, राधा के बाएँ से 10वीं है एवं राधा दाएँ छोर से 17वें स्थान पर है। शीला, रमा के दाएँ से चौथी है। यदि शीला बाएँ छोर से 10वीं है, तब पंक्ति में कितनी लड़कियाँ हैं ?

(A) 31

(B) 32

(C) 30

(D) 33

2. तीन संख्याओं में से दूसरी संख्या, पहली संख्या की दो गुनी है और तीसरी संख्या की तीन गुनी है। यदि तीनों संख्याओं का औसत 44 हो, तो सबसे बड़ी संख्या है :

(A) 108

(B) 22

(C) 36

(D) 72

3. फूलों की एक क्यारी में, पहली पंक्ति में 23 गुलाब के पौधे हैं, दूसरी पंक्ति में 21, तीसरी पंक्ति में 19 एवं अंतिम पंक्ति में 5 गुलाब के पौधे हैं। फूलों की क्यारी में पंक्तियों की संख्या है :

(A) 10

(B) 15

(C) 17

(D) 18

4. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में, ग़लत संख्या ज्ञात कीजिए :

2, 9, 18, 29, 43, 57, 74

(A) 9

(B) 43

(C) 29

(D) 74

5. एक सुबह सूर्योदय के समय, रवि एक खंभे के सामने खड़ा था। खंभे की छाया बाईं ओर बन रही थी। रवि इस दिशा की ओर मुख करके खड़ा था :

(A) दक्षिण


(B) उत्तर


(C) पूर्व


(D) पश्चिम


6. दी गई कौन-सी उत्तर आकृति, प्रश्न आकृति की सही दर्पण छवि है, जब दर्पण RP पर रखा जाता है ?


प्रश्न आकृति :




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

1. In a row of girls, Rama is $10^{th}$ to the left of Radha and Radha is $17^{th}$ from the right end. Sheela is $4^{th}$ from right of Rama. If Sheela is $10^{th}$ from the left end, then how many girls are there in the row ?

(A) 31

(B) 32

(C) 30

(D) 33

2. Of three numbers, the second number is twice the first and thrice the third. If the average of the three numbers is 44, the largest number is :

(A) 108

(B) 22

(C) 36

(D) 72

3. In a flower bed, there are 23 rose plants in the first row, 21 in the second row, 19 in the third row and 5 rose plants in the last row. The number of rows in the flower bed is :

(A) 10

(B) 15

(C) 17

(D) 18

4. In the following number series, find out the wrong number :

2, 9, 18, 29, 43, 57, 74

(A) 9

(B) 43

(C) 29

(D) 74

5. One morning during sunrise, Ravi was standing facing a pole. The shadow of the pole was forming on the left side. Ravi was facing towards :

(A) South


(B) North


(C) East


(D) West


6. Which of the given answer figure is the correct mirror image of the question figure, when the mirror is held at RP ?


Question figure :




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

7. 'TRAINING' शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके निम्नलिखित में से कौन-से शब्द का निर्माण *नहीं* किया जा सकता है ?


(A) GAIN

(B) RAIN

(C) RING

(D) KING

8. विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :




(A) 44

(B) 64

(C) 60

(D) 54

9. यदि एक सांकेतिक भाषा में, MANAGER = 34, DIRECTOR = 35 और ASSISTANT = 36 है, तो उसी सांकेतिक भाषा में STAFF को लिखा जाएगा :

(A) 14

(B) 41

(C) 33

(D) 23

10. किसी सांकेतिक भाषा में 'ROAM' को 'URDP' लिखा जाता है। उसी सांकेतिक भाषा में 'SHAN' को कैसे लिखा जाएगा ?

(A) VKDQ

(B) VSDI

(C) VUFK

(D) GHSP

11. एक व्यक्ति को 60 फीट ऊँचे टावर के शिखर को छूना है। प्रत्येक सेकण्ड में, वह 5 फीट चढ़ता है, किन्तु 4 फीट नीचे फिसल जाता है। कितने सेकण्ड बाद वह शिखर को छू लेगा ?

(A) 56

(B) 60

(C) 64

(D) 65

12. 30 दिवसों के किसी माह में, अंतिम दिवस शनिवार है। इस माह के चौथे मंगलवार को क्या दिनांक होगा ?

(A) 20

(B) 21

(C) 25

(D) 26

13. यदि किसी निश्चित कूट भाषा में 'bir le nac' का अर्थ है 'green and tasty'; 'pic nac hor' का अर्थ है 'tomato is green', तो निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से सही है ?

(A) 'bir' का अर्थ है 'green'

(B) 'nac' का अर्थ है 'tomato'

(C) 'le' का अर्थ है 'tasty'

(D) 'nac' का अर्थ है 'green'

14. कुछ क्रिकेट खिलाड़ी, टेनिस खिलाड़ी हैं।
सभी टेनिस खिलाड़ी, हॉकी खिलाड़ी हैं।
निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से सही है ?

(A) सभी क्रिकेट खिलाड़ी, हॉकी खिलाड़ी हैं।

(B) कुछ क्रिकेट खिलाड़ी, हॉकी खिलाड़ी नहीं हैं।

(C) कुछ टेनिस खिलाड़ी, हॉकी खिलाड़ी नहीं हैं।

(D) कुछ क्रिकेट खिलाड़ी, हॉकी खिलाड़ी हैं।

7. Which of the following words ***cannot*** be formed using the letters of the word 'TRAINING' ?


(A) GAIN

(B) RAIN

(C) RING

(D) KING

8. Find the missing number :




(A) 44

(B) 64

(C) 60

(D) 54

9. If in a code language, MANAGER = 34, DIRECTOR = 35 and ASSISTANT = 36, then STAFF will be written in the same code language as :

(A) 14

(B) 41

(C) 33

(D) 23

10. In a code language, 'ROAM' is written as 'URDP'. How will 'SHAN' be written in the same code language ?

(A) VKDQ

(B) VSDI

(C) VUFK

(D) GHSP

11. A person has to touch the top of a tower of 60 feet height. In every second, he climbs 5 feet, but slips down 4 feet. In how many seconds would he touch the top ?

(A) 56

(B) 60

(C) 64

(D) 65

12. In a month of 30 days, the last day is Saturday. What will be the date on the fourth Tuesday of that month ?

(A) 20

(B) 21

(C) 25

(D) 26

13. If in a certain code language 'bir le nac' means 'green and tasty'; 'pic nac hor' means 'tomato is green', then which of the following is definitely true ?

(A) 'bir' means 'green'

(B) 'nac' means 'tomato'

(C) 'le' means 'tasty'

(D) 'nac' means 'green'

14. Some cricket players are tennis players. All tennis players are hockey players. Which of the following is definitely true ?


(A) All cricket players are hockey players.

(B) Some cricket players are not hockey players.

(C) Some tennis players are not hockey players.


(D) Some cricket players are hockey players.


**15.** नीचे दी गई आकृति में, त्रिभुज डॉक्टरों को दर्शाता है, वृत्त खिलाड़ियों को दर्शाता है और वर्ग कलाकारों को दर्शाता है। तो उन कलाकारों की संख्या क्या है, जो केवल खिलाड़ी हैं ?






(A) 14
(B) 10
(C) 4
(D) 13

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख गुलाब, फूल और आम के बीच सबसे अच्छे सम्बन्ध को दर्शाता है ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**17.** यदि $\times$ का अर्थ $-$ है, $\div$ का अर्थ $+$ है, $+$ का अर्थ $\div$ है और $-$ का अर्थ $\times$ है, तो निम्नलिखित को बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. $15 - 5 \div 5 \times 20 + 10$
2. $8 \div 10 - 3 + 5 \times 6$
3. $6 \times 2 + 3 \div 12 - 3$
4. $3 \div 7 - 5 \times 10 + 3$

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) 4, 1, 3, 2
(B) 2, 4, 3, 1
(C) 4, 3, 2, 1
(D) 2, 4, 1, 3

**18.** एक क्रिकेट मैच में, पाँच बल्लेबाजों A, B, C, D और E ने औसतन 41 रन बनाए। D ने E से 5 रन अधिक बनाए; E ने A से 8 रन कम बनाए; B ने D और E के संयुक्त स्कोर से 5 रन कम बनाए; B और C ने अपने बीच 117 रन बनाए। C ने कितने रन बनाए ?

(A) 37
(B) 85
(C) 67
(D) 53


**19.** एक प्रिन्टर एक किताब के पृष्ठ क्रमांकों को 1A से शुरू करता है। यदि 4S किताब का आखिरी पृष्ठ क्रमांक है, तो किताब में कुल कितने पृष्ठ हैं ?

(A) 104
(B) 98
(C) 97
(D) 95

**20.** 18 लोगों के एक समूह में, 10 फ्रेंच पढ़ते हैं, 11 अंग्रेजी पढ़ते हैं, जबकि 6 इन दोनों में से कुछ भी नहीं पढ़ते हैं। उनमें से कितने फ्रेंच और अंग्रेजी दोनों पढ़ते हैं ?


(A) 6
(B) 9
(C) 3
(D) 4


15. In the figure given below, triangle represents doctors, circle represents players and square represents artists. Then what is the number of artists who are players only ?





(A) 14
(B) 10
(C) 4
(D) 13

16. Which of the following diagram indicates the best relation between Rose, Flower and Mango ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

17. If × stand for –, ÷ stands for +, + stands for ÷ and – stands for ×, then arrange the following in increasing order :

1. $15 - 5 \div 5 \times 20 + 10$
2. $8 \div 10 - 3 + 5 \times 6$
3. $6 \times 2 + 3 \div 12 - 3$
4. $3 \div 7 - 5 \times 10 + 3$

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 4, 1, 3, 2
(B) 2, 4, 3, 1
(C) 4, 3, 2, 1
(D) 2, 4, 1, 3

18. In a cricket match, five batsmen A, B, C, D and E scored an average of 41 runs. D scored 5 more than E; E scored 8 fewer than A; B scored 5 fewer than D and E combined; B and C scored 117 between them. How many runs did C score ?

(A) 37
(B) 85
(C) 67
(D) 53

19. A printer numbers the pages of a book starting with 1A. If 4S is the last page of the book, then how many pages are in the book ?

(A) 104
(B) 98
(C) 97
(D) 95

20. In a group of 18 people, 10 read French, 11 read English, while 6 read none of these two. How many of them read both French and English ?

(A) 6
(B) 9
(C) 3
(D) 4

21. व्यक्ति या समूह की ऐसी अवस्था जो कि विद्यमान है, परन्तु समूह के सदस्य उसे अनावश्यक समझते हैं :

(A) नियम

(B) समस्या

(C) कानून

(D) मानदंड

22. पाँच पद वाले समस्या समाधान मॉडल का अंतिम पद क्या है ?

(A) समस्या समाधान

(B) एक विकल्प का चयन

(C) स्थिति का मूल्यांकन

(D) निर्णय लेना

23. किसी समस्या के समाधान से जुड़े हुए दो या दो से अधिक कार्यवाही की योजना संबंधित प्रक्रिया की पहचान एवं चयन को ________ कहा जाता है।

(A) समस्या समाधान

(B) सराहनीय पूछताछ (जाँच)

(C) निर्णय निर्धारण

(D) समस्या को तार्किकता से समझना

24. समाधान का क्रियान्वयन ________ के साथ शुरू होता है।

(A) एक कार्य योजना विकसित करने

(B) लक्ष्य निर्धारित करने

(C) एक योजना बनाने

(D) संसाधनों की पहचान करने

25. एक ऐसा वातावरण जिसमें प्रतिभागियों को 'खुलकर सोचने' की स्वतंत्रता होती है, है

(A) विश्लेषण

(B) बुद्धिशीलता (ब्रेनस्टॉर्मिंग)

(C) चर्चा

(D) बहस

26. समस्या की रूपरेखा (मानदंड) में शामिल ***नहीं*** है

(A) कौन समाहित है ?

(B) कौन समाहित नहीं है ?

(C) क्या हो रहा है ?

(D) क्या दांव पर है ?

27. नियमित निर्णय ________ प्रकृति के होते हैं।

(A) आंतरिक

(B) स्थायी

(C) अप्रासंगिक

(D) पुनरावृत्ति

21. A condition of people or a group that exists, but members of the group consider that undesirable is :

(A) Rule

(B) Problem

(C) Law

(D) Parameters

22. Which is the last step of the Five-Step Problem Solving model ?

(A) Problem solving

(B) Selection of an alternative

(C) Evaluation of the situation

(D) Decision-making

23. The process of identifying and selecting a course of action from two or more courses of action to be taken to solve a problem is called __________.

(A) problem solving

(B) appreciative inquiry

(C) decision-making

(D) rationalizing the problem

24. Implementation of the solution starts with __________.

(A) developing an action plan

(B) determining objectives

(C) building a plan

(D) identifying resources

25. An environment in which the participants are free to 'think aloud' is

(A) Analysing

(B) Brainstorming

(C) Discussion

(D) Debate

26. Problem parameters do ***not*** include

(A) Who is involved ?

(B) Who is not involved ?

(C) What is happening ?

(D) What the stakes are ?

27. Routine decisions are __________ in nature.

(A) Internal

(B) Constant

(C) Irrelevant

(D) Repetitive

28. संगठन में किसी व्यक्ति के द्वारा लिया गया निर्णय ______ के तौर पर जाना जाता है।

(A) व्यक्तिगत निर्णय

(B) समूह निर्णय

(C) सामूहिक निर्णय

(D) अलग निर्णय

29. एक प्रभावी निर्णय लेने वाले के गुणों में समाहित है

(A) कोई निर्णय नहीं

(B) जोखिम उठाने वाला

(C) कठोरता

(D) समग्रता (व्यापकता)

30. यांत्रिक निर्णयों के परिणाम ______ होते हैं।

(A) ज्ञात

(B) अज्ञात

(C) छिपे हुए

(D) अप्रासंगिक

31. संख्या 198 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि पहले भाग का $\frac{1}{2}$, दूसरे भाग का $\frac{1}{3}$ एवं तीसरे भाग का $\frac{1}{4}$, सभी बराबर हैं। तब सबसे बड़े भाग का मान होगा :

(A) 68

(B) 78

(C) 88

(D) 98

32. निम्नलिखित संख्याओं में से कौन-सी संख्या, संख्या-सूची 5, 11, 17, 23, ... में है ?

(A) 179

(B) 189

(C) 169

(D) 159

33. तीन-अंकों वाली सभी संख्याओं, जो 7 से विभाज्य हैं, की संख्या है :

(A) 127

(B) 128

(C) 129

(D) 130

34. अंकों 0, 1, 2, 3, 4, 5 से कितनी 3-अंकीय सम संख्याएँ बनाई जा सकती हैं, यदि अंकों की पुनरावृत्ति की जा सकती है :

(A) 90

(B) 216

(C) 75

(D) 150

**28.** A decision taken by an individual in the organisation is known as __________.

(A) Individual decision

(B) Group decision

(C) Collective decision

(D) Separate decision

**29.** Attributes of an effective decision maker include

(A) No judgement

(B) Risk taking

(C) Rigidness

(D) Comprehensiveness

**30.** The outcomes of mechanistic decisions are __________.

(A) known

(B) unknown

(C) hidden

(D) irrelevant

**31.** Number 198 is divided into three parts such that $\frac{1}{2}$ of the first part, $\frac{1}{3}^{rd}$ of the second part and $\frac{1}{4}^{th}$ of the third part shall all be equal. Then the value of the largest part will be :

(A) 68

(B) 78

(C) 88

(D) 98

**32.** Which of the following number is in the list of numbers 5, 11, 17, 23, ... ?

(A) 179

(B) 189

(C) 169

(D) 159

**33.** The number of all three-digit numbers that are divisible by 7 is :

(A) 127

(B) 128

(C) 129

(D) 130

**34.** How many 3-digit even numbers can be formed, using the digits 0, 1, 2, 3, 4, 5, if repetition of the digits is allowed :

(A) 90

(B) 216

(C) 75

(D) 150

**35.** निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका है :

17, 8, 9, 5, 26, 19, 13, 26, 29


(A) 13

(B) 17

(C) 18

(D) 19

**36.** निम्नांकित पाई-चार्ट किसी परिवार के प्रति माह होने वाले खर्चों और बचत को प्रदर्शित करता है। यदि मकान के किराए पर होने वाला प्रति माह खर्च ₹ 18,000 है, तो प्रति माह भोजन और परिवहन पर होने वाले खर्चों का योगफल है :




(A) ₹ 36,000

(B) ₹ 45,000

(C) ₹ 36,600

(D) ₹ 45,600

**37.** 4 क्रमागत विषम संख्याओं का औसत 18 है। इन संख्याओं में से सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्याओं का गुणनफल है :

(A) 187

(B) 247

(C) 315

(D) 391

**38.** ताश के 52 पत्तों की एक भली-भाँति फेंटी गई गड्डी में से एक पत्ता यादृच्छया निकाला जाता है। निकाले गए पत्ते की एक तस्वीर वाला पत्ता (अर्थात् फेस कार्ड) होने की प्रायिकता है :

(A) 1

(B) $\frac{1}{13}$

(C) $\frac{2}{13}$

(D) $\frac{3}{13}$

**39.** एक व्यक्ति के पास निवेश करने हेतु ₹ 9,000 हैं। वह ₹ 3,500, 6% साधारण ब्याज की वार्षिक दर से एवं ₹ 3,000, 5% साधारण ब्याज की वार्षिक दर से निवेश करता है। ₹ 450 वार्षिक आय प्राप्त करने के लिए, उसे शेष राशि किस दर से निवेश करनी चाहिए ?

(A) 3·6% प्रति वर्ष

(B) 3·5% प्रति वर्ष

(C) 3·8% प्रति वर्ष

(D) 3·9% प्रति वर्ष

**40.** यदि एक संख्या 5a108, 11 से पूर्णतः विभाजित है, तब 'a' का मान होगा :

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

35. The median of the following data is :

17, 8, 9, 5, 26, 19, 13, 26, 29


(A) 13

(B) 17

(C) 18

(D) 19

36. The following pie-chart shows the monthly expenses and savings of a family. If the expenditure on the house rent is ₹ 18,000 per month, then the sum of the expenditure on food and transport is :




(A) ₹ 36,000

(B) ₹ 45,000

(C) ₹ 36,600

(D) ₹ 45,600

37. The average of 4 consecutive odd numbers is 18. Then the product of the largest and smallest numbers among them is :

(A) 187

(B) 247

(C) 315

(D) 391

38. One card is drawn randomly from a well-shuffled pack of 52 cards. The probability of the drawn card being a face card is :

(A) 1

(B) $\frac{1}{13}$

(C) $\frac{2}{13}$

(D) $\frac{3}{13}$

39. A man has ₹ 9,000 to invest. He invests ₹ 3,500 at 6% per annum simple interest and ₹ 3,000 at 5% per annum simple interest. In order to have a yearly income of ₹ 450, at what rate must he invest the remaining amount ?

(A) 3·6% per annum

(B) 3·5% per annum

(C) 3·8% per annum

(D) 3·9% per annum

40. If a number 5a108 is completely divisible by 11, then the value of 'a' will be :

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

## गद्यांश I

प्रकाश प्रदूषण आज पर्यावरण के लिए बहुत ही तेज़ी से बढ़ने वाले खतरों में से एक बन गया है। रात्रि आकाश में इस उज्ज्वलता की परिणामी वृद्धि न केवल हमारे सितारों भरे आकाश की दृश्यता को बिगाड़ रही है, अपितु हमारे अंधेरी और चाँदनी रातों के प्रत्यक्ष बोध, यहाँ तक कि हमारे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य को भी यह परिवर्तित कर रही है। अभी कुछ समय पहले ही बाहरी प्रकाश के इन प्रभावों को पहचाना गया है। प्रकाश प्रदूषण ऊर्जा के अपशेष का भी संकेत है चूँकि ऊर्ध्वमुखी प्रकाश प्राय: उपयोगी अथवा अभीष्ट प्रदीपन मुहैया नहीं कर पाता है। जनोपयोगी सेवा-प्रदाताओं, पर्यावरणविदों, खगोलशास्त्रियों, प्रकाश उद्योग तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच हितों के सम्भावित टकराव के कारण प्रकाश प्रदूषण तथा इसके हानिकारक प्रभावों से निपटना एक जटिल मुद्दा बन जाता है।

रात्रिकालीन पृथ्वी के उपग्रह द्वारा ऊपर से लिए जाने वाले चित्र हमारे पास 1970 के प्रारम्भ से ही प्राप्त होने शुरू हो चुके हैं। यह पृथ्वी की सतह पर स्थित स्रोतों द्वारा ऊपर की ओर प्रेषित किए गए प्रकाश का मापन तो करते हैं, परन्तु इस प्रकाश प्रदूषण के पृथ्वी की सतह पर स्थित मनुष्यों द्वारा अवलोकित रात्रि आकाश की उज्ज्वलता और सितारों की दृश्यता पर पड़ने वाले प्रभाव की कोई सीधी जानकारी प्रदान नहीं करते।

इन प्रभावों की गणना ऐसे भौतिक मॉडल के माध्यम से की जा सकती है, जो वायु के अणुओं तथा अन्य सूक्ष्म कणों द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन के प्रभावों को दर्शाता है। पूरे विश्व की आकाश उज्ज्वलता की इस गणना को दर्शाने वाले मानचित्र अब बन चुके हैं और वे विकसित शहरी क्षेत्रों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों – दोनों में ही बढ़ते प्रकाश प्रदूषण की विविध जानकारी प्रदान करते हैं।

**41.** निम्नलिखित में से कौन हितों के सम्भावित टकराव में शामिल ***नहीं*** है ?

(A) पर्यावरणविद्

(B) उपग्रह चित्र प्रदाता

(C) प्रकाश उद्योग

(D) सरकारी एजेंसियाँ

**42.** प्रकाश प्रदूषण को ऊर्जा का अपशेष क्यों कहा जाता है ?

(A) क्योंकि प्रकाश प्रदूषण हमारे अंधकार के प्रत्यक्ष बोध को बिगाड़ देता है।

(B) प्राय: सभी प्रदूषण अपशेष से सम्बन्ध रखते हैं।

(C) चूँकि ऊर्ध्वमुखी प्रकाश जिससे प्रकाश प्रदूषण उत्पन्न होता है, अभीष्ट प्रदीपन मुहैया नहीं करता।

(D) क्योंकि प्रकाश प्रदूषण हमारी दृश्यता की क्षमता का नाश करता है।

**43.** आकाश उज्ज्वलता दर्शाने वाले मानचित्र निम्नलिखित में से कौन-सी अतिरिक्त जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं ?

(A) रात्रि आकाश पर प्रकाश प्रदूषण का प्रभाव

(B) वायु के अणुओं द्वारा प्रकाश का प्रकीर्णन

(C) विकसित शहरी क्षेत्रों तथा घनी आबादी वाले क्षेत्रों में प्रकाश प्रदूषण की वृद्धि

(D) पृथ्वी की सतह से ऊर्ध्वमुखी प्रेषित प्रकाश

**44.** इस गद्यांश के अनुसार हमारे वातावरण को बहुत तेज़ी से कौन चुनौती दे रहा है ?

(A) प्रकाश प्रदूषण

(B) मानचित्र

(C) उपग्रह चित्र

(D) आकाश के तारे

**45.** हमारे सितारों भरे आकाश की दृश्यता को क्या नुकसान पहुँचा रहा है ?

(A) आकाश में बढ़ता हुआ अंधकार

(B) रात्रि आकाश में बढ़ती हुई उज्ज्वलता

(C) बढ़ता हुआ जल-प्रदूषण

(D) बढ़ता हुआ मानसिक जड़त्व

## Passage I

Light pollution is one of the most rapidly growing threats to our environment. The resultant increase of brightness of the night sky is not only damaging our view of the starry sky, but is altering our perception of dark and moonlit nights and even our physical and mental health. It is only recently that these effects of outdoor lighting have been recognised. Light pollution also indicates wasted energy, since upward directed light does not usually provide useful or intended illumination. Dealing with light pollution and its adverse effects is a complex issue with potential conflicts of interest between the utility providers, environmentalists, astronomers, the lighting industry and various governmental agencies.

Satellite images looking down at the Earth at night have been available since the early 1970s. They measure the light beamed upwards from sources on the Earth's surface but do not give any direct information about the effects of this light pollution on the night sky brightness, as observed by humans on the surface of the Earth, or about its impact on the visibility.

These effects may be calculated by including a physical model of the effects of scattering of light by air molecules and other small particles. Maps that show this calculated sky brightness have now been prepared for the entire world and provide a vivid record of growth of light pollution in both developed urban areas and densely populated areas.

**41.** Which one of the following is ***not*** involved in the potential conflict of interests ?

(A) Environmentalists

(B) Satellite image providers

(C) Lighting industry

(D) Government agencies

**42.** Why is light pollution called a wasted energy ?

(A) Because light pollution damages our perception of the dark.

(B) Most pollutions are wasteful.

(C) Because upward directed light which causes light pollution does not provide the intended illumination.

(D) Because light pollution is wasting our power of visibility.

**43.** Which of the following information are the maps showing sky brightness additionally furnishing ?

(A) Effect of light pollution on the night sky

(B) Scattering of light by air molecules

(C) Growth of light pollution in developed urban areas and densely populated areas

(D) Light beamed upward from the Earth's surface

**44.** What according to the passage is rapidly threatening our environment ?

(A) Light pollution

(B) Maps

(C) Satellite images

(D) Stars in the sky

**45.** What is damaging our view of the starry sky ?

(A) Increasing darkness of the sky

(B) Increasing brightness of the night sky

(C) Increasing water pollution

(D) Increasing mental inertia

## गद्यांश II

हमें ये चार तरह के भाव रखने ही चाहिए। हम सब के लिए मैत्री भाव रखें; हम दीन-दुखियों के प्रति दयाशील हों; जब लोग प्रसन्न हों, तो हमें प्रसन्न रहना चाहिए और दुष्टजनों के प्रति हमें उदासीनता का भाव रखना चाहिए। इसी तरह हमारे सम्मुख आने वाले सभी विषयों के प्रति भी ऐसे ही भाव रखने चाहिए। यदि कोई विषय शुभकर है, हमें उसके प्रति मैत्री भाव रखना चाहिए, यदि हमारे चिंतन का विषय दुखकर है, हमें उसके प्रति करुणापूर्ण होना चाहिए। यदि वह कोई शुभकारी विषय है, तो हमें अवश्य आनन्दित होना चाहिए; यदि यह अशुभ है, तो हमें उसके प्रति उदासीन होना चाहिए । सामने आने वाले विभिन्न विषयों के प्रति मन में इस प्रकार के भाव रखना मन को शांत बना देगा। हमारे दैनिक जीवन में आने वाली ऐसी अधिकतर कठिनाइयाँ इसीलिए आती हैं कि हम इस तरह से अपने मन को अपनी पकड़ में नहीं रख सकते। उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति हमसे कुछ बुरा करता है, तो हम तुरन्त ही उस बुराई के प्रतिकार को उद्यत हो जाते हैं और इस तरह बुराई के प्रति प्रत्येक ऐसा प्रतिकार सिद्ध करता है कि हम अपने *चित्त* को अपने नियन्त्रण में रखने में असमर्थ होते हैं; वह उस वस्तु की ओर तरंगों में प्रवाहित होता है और हम अपनी शक्ति खो देते हैं। ऐसी बात नहीं है कि अपने पर नियन्त्रण रखकर हमारी कहीं कोई क्षति हो रही होती है; उससे तो हमारा आशातीत उपकार ही हो रहा होता है। प्रत्येक बार जब हम घृणा भाव या अपनी क्रोध की भावना का दमन करते हैं, तो हमारे उपकार हेतु बहुत-सी सकारात्मक ऊर्जा संचित हो रही होती है; शक्ति का वही पुंज उच्चतर शक्ति में परिवर्तित हो जाता है।

**46.** दुष्ट विषय के प्रति हमें किस प्रकार का भाव रखना चाहिए ?

(A) उदासीन

(B) नकारात्मक

(C) मैत्री भाव

(D) दयाशील

**47.** पहचानिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा भाव लेखक हमें रखने ***नहीं*** देना चाहते।

(A) हम दीन-दुखियों के प्रति दयाशील हों।

(B) हम सब के लिए मैत्री का भाव रखें।

(C) अप्रसन्न लोगों के प्रति भी हम प्रसन्नता का भाव रखें।

(D) हम दुष्टजनों के प्रति उदासीनता का भाव रखें।

**48.** घृणा भाव या क्रोध की भावना के दमन के बाद क्या होता है ?

(A) वह उस वस्तु की ओर तरंगों में प्रवाहित होता है।

(B) हम अपनी शक्ति खो देते हैं।

(C) हमारे उपकार हेतु सकारात्मक ऊर्जा संचित होती है।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस गद्यांश के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(A) प्रत्येक बार जब हम घृणा भाव का दमन करते हैं, तो हमारे उपकार हेतु बहुत-सी सकारात्मक ऊर्जा संचित होती है।

(B) हमें दीन-दुखियों के प्रति करुणापूर्ण होना चाहिए।

(C) घृणा और बुराई के रूप में प्रत्येक प्रतिक्रिया मन के लिए हानिप्रद होती है।

(D) यदि कोई व्यक्ति हमसे कुछ बुरा करता है, तो हमें घृणा से उसका प्रतिकार करना चाहिए।

**50.** एक दुखकर विषय के साथ हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

(A) क्रोध व्यक्त करें

(B) उदासीन रहें

(C) करुणापूर्ण हों

(D) घृणा व्यक्त करें

## Passage II

We must have these four sorts of ideas. We must have friendship for all; we must be merciful towards those that are in misery; when people are happy, we ought to be happy and to the wicked we must be indifferent. So with all subjects that come before us. If the subject is a good one, we shall feel friendly towards it, if the subject of thought is one that is miserable, we must be merciful towards it. If it is good, we must be glad; if it is evil, we must be indifferent. These attitudes of the mind towards the different subjects that come before it, will make the mind peaceful. Most of our difficulties in our daily lives come from being unable to hold our mind in this way. For instance, if a man does evil to us, instantly we want to react evil, and every reaction of evil shows that we are not able to hold the *chitta* down; it comes out in waves towards the object, and we lose our power. It is not that we lose by thus restraining ourselves; we are gaining infinitely more than we suspect. Each time we suppress hatred, or a feeling of anger, it is so much good energy stored up in our favour; that piece of energy will be converted into the higher powers.

**46.** What kind of attitude should one have towards an evil subject ?

(A) Indifferent

(B) Negative

(C) Friendly

(D) Merciful

**47.** Identify which one of the following ideas does the author ***not*** want us to have.

(A) We must be merciful towards people in misery.

(B) We must have friendship for all.

(C) We ought to be happy towards unhappy people.

(D) We must be indifferent to the wicked.

**48.** What follows when we suppress hatred or a feeling of anger ?

(A) It comes out in waves towards the object.

(B) We lose our power.

(C) Good energy is stored up in our favour.

(D) None of the above

**49.** Which of the following statements is ***not*** true with reference to this passage ?

(A) Each time we suppress hatred, we see so much good energy stored up in our favour.

(B) We must be merciful towards the miserable ones.

(C) Every reaction as hatred or evil leads to loss of mind.

(D) If a man does evil to us we should react in the form of hatred.

**50.** How should we treat a miserable subject ?

(A) Show anger

(B) Be indifferent

(C) Be merciful

(D) Express hatred

51. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठनात्मक संचार संगठन के संरचनात्मक पदानुक्रम द्वारा परिभाषित ***नहीं*** है ?

1. औपचारिक सम्प्रेषण
2. अनौपचारिक सम्प्रेषण

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 एवं 2 दोनों

(D) न तो 1 न ही 2

52. निम्नलिखित में से कौन-सा सम्प्रेषण के अशाब्दिक घटक का एक उदाहरण है ?

1. तुम क्या कहते हो ?
2. आप कैसे कहते हैं ?

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 एवं 2 दोनों

(D) न तो 1 न ही 2

53. प्रभावी अनुनय कौशल के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. इसका प्रारम्भ कार्यवाही के अनुसरण के महत्त्व और संभावित लाभों को बतलाने से होता है।
2. इसका प्रारम्भ कार्यवाही के अनुसरण के लाभ और हानियों के बतलाने से होता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 एवं 2 दोनों

(D) न तो 1 न ही 2

54. निम्नलिखित में से कौन-सा सम्प्रेषण कौशल ***नहीं*** है ?

1. अनुनय कौशल
2. वाचन कौशल
3. लेखन कौशल
4. संकल्पनात्मक कौशल

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) केवल 3

(D) केवल 4

55. अनुनय कौशल के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. यह एक व्यक्ति को दूसरों को अपना मन बदलने के लिए प्रभावित करने में सक्षम बनाता है।
2. यह एक व्यक्ति को दूसरों को अपना व्यवहार बदलने के लिए प्रभावित करने में सक्षम बनाता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 एवं 2 दोनों

(D) न तो 1 न ही 2

51. Which of the following organisational communication is ***not*** defined by the organisation's structural hierarchy ?

1. Formal communication
2. Informal communication

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 1 only

(B) 2 only

(C) Both 1 and 2

(D) Neither 1 nor 2

52. Which of the following is an example of the non-verbal component of communication ?

1. What you say ?
2. How you say ?

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 1 only

(B) 2 only

(C) Both 1 and 2

(D) Neither 1 nor 2

53. With reference to effective persuasion skill, which of the following statements is/are correct ?

1. It starts with stating the importance of following a course of action and the likely benefits.
2. It starts with stating the pros and cons of following a course of action.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 1 only

(B) 2 only

(C) Both 1 and 2

(D) Neither 1 nor 2

54. Which of the following is ***not*** a communication skill ?

1. Persuasion skill
2. Speaking skill
3. Writing skill
4. Conceptual skill

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 1 only

(B) 2 only

(C) 3 only

(D) 4 only

55. With reference to persuasion skill, which of the following statements is/are correct ?

1. It enables a person to influence others to change their minds.
2. It enables a person to influence others to change their behaviour.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 1 only

(B) 2 only

(C) Both 1 and 2

(D) Neither 1 nor 2

**56.** सम्प्रेषण प्रक्रिया में निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उनको कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

1. संदेश
2. प्रेषक
3. एन्कोडिंग
4. चैनल
5. डिकोडिंग
6. प्राप्तकर्ता
7. प्रतिपुष्टि

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7
(B) 2, 1, 3, 4, 5, 7, 6
(C) 2, 1, 3, 4, 5, 6, 7
(D) 1, 2, 4, 3, 5, 6, 7

**57.** सम्प्रेषण के कार्यों में शामिल है :

(A) कर्मचारी के व्यवहार का नियंत्रण
(B) कर्मचारियों को अभिप्रेरित करना
(C) सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करना
(D) उपर्युक्त सभी

**58.** सम्प्रेषण में अपनी सामग्री को व्यवस्थित करने के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. इसमें एक कहानी सम्मिलित होती है जो दर्शकों को बाँधे रखती है।
2. इसमें दर्शकों को विद्यमान समस्या को समझने में मदद करने के लिए आँकड़ों या अन्य सूचनाओं का उपयोग सम्मिलित है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 एवं 2 दोनों
(D) न तो 1 न ही 2

**59.** कौशल अभ्यास से सम्बन्धित निम्नलिखित चरणों पर विचार कीजिए तथा उनको कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

1. अपने श्रोताओं को जानिए।
2. अपने विषय-वस्तु को व्यवस्थित करें।
3. सम्मोहक दृश्य तैयार करें।
4. अपने आप को शान्त करें।
5. अपनी प्रस्तुतीकरण पर ध्यान दें।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) 5, 4, 3, 2, 1
(B) 1, 2, 3, 4, 5
(C) 1, 3, 2, 4, 5
(D) 2, 1, 3, 4, 5

**60.** सम्प्रेषण कौशल अभ्यास के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. अपने श्रोताओं एवं उनकी आवश्यकताओं को समझने से आपको अपना संदेश तैयार करने में मदद मिल सकती है।
2. अपने श्रोताओं और उनकी आवश्यकताओं को समझने से आपको अपने विषय को अनुकूलित करने में मदद मिल सकती है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 एवं 2 दोनों
(D) न तो 1 न ही 2

56. Consider the following events in the communication process and arrange them in chronological order :

1. Message
2. Sender
3. Encoding
4. Channel
5. Decoding
6. Receiver
7. Feedback

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7
(B) 2, 1, 3, 4, 5, 7, 6
(C) 2, 1, 3, 4, 5, 6, 7
(D) 1, 2, 4, 3, 5, 6, 7

57. The function of communication includes :

(A) Controlling employee behaviour
(B) Motivating employees
(C) Fulfilment of social needs
(D) All of the above

58. With reference to organising your content in communication, which of the following statements is/are correct ?

1. It includes a story that engages the audience.
2. It includes use of data or other information to help the audience to understand the problem at hand.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 1 only
(B) 2 only
(C) Both 1 and 2
(D) Neither 1 nor 2

59. Consider the following steps related to practising the skill and arrange them in chronological order :

1. Know your audience.
2. Organise your content.
3. Prepare compelling visuals.
4. Calm yourself.
5. Focus on your presentation.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 5, 4, 3, 2, 1
(B) 1, 2, 3, 4, 5
(C) 1, 3, 2, 4, 5
(D) 2, 1, 3, 4, 5

60. With reference to practising communication skills, which of the following statements is/are correct ?

1. Understanding your audience and their needs can help you tailor your message.
2. Understanding your audience and their needs can help you tailor your subject matter.

Choose the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) 1 only
(B) 2 only
(C) Both 1 and 2
(D) Neither 1 nor 2

*निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 65) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**गद्यांश 1**

पिताजी हमें बड़े प्यार से 'भोलानाथ' कहकर पुकारा करते। पर असल में हमारा नाम था 'तारकेश्वरनाथ'। हम भी उनको 'बाबू जी' कहकर पुकारा करते और माता को 'मइयाँ'। जब बाबू जी रामायण का पाठ करते तब हम उनकी बगल में बैठे-बैठे आइने में अपना मुँह निहारा करते थे। पूजा-पाठ कर चुकने के बाद वह राम-राम लिखने लगते। अपनी एक 'रामनामा बही' पर हज़ार राम नाम लिखकर वह उसे अपने पाठ करने की पोथी के साथ बाँधकर रख देते। फिर पाँच सौ बार कागज़ के छोटे-छोटे टुकड़ों पर राम नाम लिखकर आटे की गोलियों में लपेटते और उन गोलियों को लेकर गंगा जी की ओर चल पड़ते थे। उस समय भी हम उनके कंधे पर विराजमान रहते थे। जब वह गंगा में एक-एक आटे की गोलियाँ फेंककर मछलियों को खिलाने लगते तब भी हम उनके कंधे पर ही बैठे-बैठे हँसा करते थे। लौटते हुए बीच रास्ते में झुके हुए पेड़ों की डाली पर हमें बिठाकर झूला झुलाते थे। जब हम घर आते तब उनके साथ ही हम भी चौके पर खाने बैठते थे। वह हमें अपने ही हाथ से, फूल के एक कटोरे में गोरस और भात सानकर खिलाते थे। माता-पिता जी के साथ जीवन बहुत ही आनंददायक बीता करता था।

**61.** बाबू जी किसका पाठ किया करते थे ?

(A) गीता

(B) रामचरितमानस

(C) रामायण

(D) भगवद्गीता

**62.** बाबू जी आटे की गोलियों का क्या करते थे ?

(A) स्वयं खाते थे

(B) मछलियों को खिलाते थे

(C) ईश्वर को चढ़ाते थे

(D) भोलानाथ को देते थे

**63.** तारकेश्वरनाथ किसका नाम था ?

(A) भोलानाथ का

(B) भोलानाथ के पिता का

(C) भोलानाथ के भाई का

(D) भोलानाथ के मित्र का

**64.** बाबू जी रामनामा बही पर कितने राम नाम लिखते थे ?

(A) सौ

(B) पाँच सौ

(C) हज़ार

(D) एक हज़ार एक सौ

**65.** भोलानाथ का घर किस नदी के पास था ?

(A) नर्मदा

(B) कावेरी

(C) यमुना

(D) गंगा

*निर्देश (प्रश्न संख्या 66 से 70) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**गद्यांश 2**

"मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। सम्भवत: वह समाज में अथवा समाज बनाकर, रहना पसंद करता है। इसके लिए वह अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं का, एक सीमा तक, नियंत्रण, समाज के हाथ में सौंप देता है, पर जहाँ मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है वहाँ वह एक विचार-प्रधान प्राणी भी है। कौन-से अधिकार किस सीमा तक समाज के हाथ में रहें इसका निर्णय भी वह स्वयं इसी विचार-शक्ति के सहारे करता है। चाहे समाज की जो व्यवस्था हो और चाहे जिस सिद्धांत पर उसका संगठन हुआ हो, सत्यासत्य निर्णय और विवेचन की जो शक्ति मनुष्य में है उसे छोड़ते या उस पर किसी दूसरे पक्ष को प्रधानता देने की बात यह कभी स्वीकार न करेगा। समाज को संपूर्ण शक्ति प्रदान करने वाले जितने भी वाद हैं, वे भी एक या कुछ व्यक्तियों के मस्तिष्क की उपज हैं। अप्रतिम प्रतिभाशाली व्यक्ति ही समाज की विशिष्ट धारणाओं या व्यवस्थाओं को जन्म देते हैं। समाज जड़ है; वह स्वयं कुछ नहीं सोच सकता, सोचने वाले अथवा किसी विचारधारा का प्रवर्तन करने वाले कुछ जाग्रत व्यक्ति होते हैं।"

**66.** किसी भी विचारधारा का प्रवर्तन करने वाला व्यक्ति कैसा होता है ?

(A) सतर्क

(B) परिश्रमी

(C) कठोर

(D) जाग्रत

**67.** प्रतिभाशाली व्यक्ति क्या-क्या करते हैं ?

(A) समाज में क्रान्ति को जन्म देते हैं।

(B) समाज में अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं।

(C) समाज की विशिष्ट धारणाओं या व्यवस्थाओं को जन्म देते हैं।

(D) समाज को जड़ बनाते हैं।

**68.** मनुष्य एक ____________ प्राणी है।

(A) व्यावहारिक

(B) सामाजिक

(C) अहंकारी

(D) निरंकुश

**69.** मनुष्य अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं का नियंत्रण किसके हाथों में सौंप देता है ?

(A) मनुष्य

(B) राष्ट्र

(C) बाज़ार

(D) समाज

**70.** मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है वहाँ वह

(A) विचार-प्रधान प्राणी भी है।

(B) बुद्धि-प्रधान प्राणी भी है।

(C) वाणी-प्रधान प्राणी भी है।

(D) बल-प्रधान प्राणी भी है।

*निर्देश (प्रश्न संख्या 71 से 75) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**गद्यांश 3**

भारतेन्दु के गद्य की एक विशेषता यह है कि उसमें जनपदीय शब्द का धड़ल्ले से व्यवहार होता है। उनके कलात्मक गद्य की विशेषता यह है कि उसमें ब्रजभाषा की मिठास है। हिन्दी भाषी क्षेत्र में मैथिली, भोजपुरी, अवधी आदि अनेक जनपदीय बोलियाँ बोली जाती हैं। यहाँ की जातीय भाषा के लिए — उस भाषा के लिए जो विभिन्न जनपदों की शिष्ट भाषा के रूप में विकसित हो — यह आवश्यक था कि वह इन बोलियों के नज़दीक हों, उन शब्दों का व्यवहार करें जो इन बोलियों में सामान्य हैं। ब्रज, अवधी और मैथिली में समृद्ध साहित्य था। आधुनिक हिन्दी साहित्य ने सूर, तुलसी और कबीर की साहित्यिक परम्परा को अपनाया। ब्रज, अवधी और मैथिली के सैकड़ों शब्द भारतेन्दु की रचनाओं में मिलते हैं। भारतेन्दु के समय से अब तक हिन्दी ने इतनी शक्ति से और इतने वेग से प्रगति की, इसका बहुत बड़ा कारण जनपदीय बोलियों तथा पुराने हिन्दी साहित्य से उसका सम्बन्ध है। भारतेन्दु ने गद्य साहित्य को एक नया आयाम दिया एवं साहित्य को जन से जोड़ा।

**71.** निम्नलिखित में से कौन-सी जनपदीय बोली ***नहीं*** है ?

(A) आंग्ल

(B) मैथिली

(C) भोजपुरी

(D) अवधी

**72.** सूर, तुलसी और कबीर की साहित्यिक परंपरा को किसने अपनाया ?

(A) मध्यकालीन हिन्दी साहित्य

(B) वीरगाथाकालीन हिन्दी साहित्य

(C) आधुनिक हिन्दी साहित्य

(D) रीतिकालीन हिन्दी साहित्य

**73.** भारतेन्दु युग से अब तक हिन्दी की प्रगति का क्या कारण है ?

(A) शिष्ट भाषा के रूप में हिन्दी की प्रगति

(B) उर्दू से अलगाव

(C) जनपदीय बोलियों तथा पुराने हिन्दी साहित्य से संबंध

(D) अवधी भाषा से संबंध

**74.** भारतेन्दु जी के गद्य में किस भाषा की मिठास है ?

(A) ब्रजभाषा

(B) अवधी

(C) उर्दू

(D) भोजपुरी

**75.** विभिन्न जनपदों की शिष्ट भाषा के रूप में विकसित होने वाली भाषा को क्या कहते हैं ?

(A) जनपदीय भाषा

(B) जनपदीय बोलियाँ

(C) जातीय भाषा

(D) इनमें से कोई नहीं

*निर्देश (प्रश्न संख्या 76 से 80) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**गद्यांश 4**

अनंत शक्ति के साथ धीरता, गंभीरता और कोमलता 'राम' का प्रधान लक्षण है। यही उनका रामत्व है। अपनी शक्ति की स्वानुभूति ही उस उत्साह का मूल है, जिससे बड़े-बड़े दु:साध्य कर्म होते हैं। बाल्यावस्था में ही जिस प्रसन्नता के साथ दोनों भाइयों ने घर छोड़ा और विश्वामित्र के साथ बाहर रहकर अस्त्र शिक्षा प्राप्त की तथा विघ्नकारी विकट राक्षसों पर पहले-पहल अपना बल आजमाया, वह उस उल्लासपूर्ण साहस का सूचक है, जिसे 'उत्साह' कहते हैं। छोटी अवस्था में ही ऐसे विकट प्रवास के लिए जिनकी धड़क खुलती हमने देखी, उन्हीं को पीछे चौदह वर्ष वन में रहकर अनेक कष्टों का सामना करते हुए जगत को क्षुब्ध करने वाले कुंभकर्ण और रावण जैसे राक्षसों को मारते हुए हम देखते हैं। इस प्रकार जिन परिस्थितियों के बीच वीर जीवन का विकास होता है, उनकी परंपरा का निर्वाह हम क्रम से रामचरित में देखते हैं। राम और लक्ष्मण ये दो अद्वितीय वीर हम उस समय पृथ्वी पर पाते हैं। वीरता की दृष्टि से हम कोई भेद दोनों पात्रों में नहीं कर सकते, पर सीता के स्वयंवर में दोनों भाइयों के स्वभाव में जो पार्थक्य दिखाई पड़ा उसका निर्वाह हम अंत तक पाते हैं। जनक के परिताप वचन पर उग्रता और परशुराम की बातों के उत्तर में जो चपलता हम लक्ष्मण में देखते हैं, उसे हम बराबर अवसर-अवसर पर देखते चले जाते हैं। राम का चरित ही हमारे जीवन का आदर्श है। एक भाई का दूसरे भाई के प्रति प्रेम जीवन की कसौटी है। आज के समय में इसी प्रेम की ज़रूरत समाज को है।

**76.** परशुराम के साथ संवाद के अवसर पर लक्ष्मण में कौन-सा भाव दिखाई पड़ता है ?

(A) धीरता

(B) गंभीरता

(C) विनय

(D) चपलता

**77.** किनके परिताप वचनों पर लक्ष्मण में उग्रता दिखाई पड़ती है ?

(A) राम

(B) रावण

(C) कुंभकर्ण

(D) जनक

**78.** राम और लक्ष्मण ने बाल्यावस्था में किस ऋषि से अस्त्र शिक्षा प्राप्त की ?

(A) वशिष्ठ

(B) संदीपन

(C) विश्वामित्र

(D) शांडिल्य

**79.** राम व लक्ष्मण ने जिस उल्लासपूर्ण साहस से पहले-पहल राक्षसों पर अपना बल आजमाया, उसे कह सकते हैं :

(A) करुणा

(B) क्रोध

(C) गर्व

(D) उत्साह

**80.** जिन परिस्थितियों के बीच वीर जीवन का विकास होता है, उनकी परंपरा का निर्वाह हमें किसके चरित्र में दिखाई पड़ता है ?

(A) लक्ष्मण के चरित्र में

(B) राम के चरित्र में

(C) वशिष्ठ के चरित्र में

(D) विश्वामित्र के चरित्र में

81. 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) कलानिधि

(B) किरण

(C) अर्क

(D) देवापगा

82. 'अनुरक्ति' का विलोम शब्द है :

(A) आसक्ति

(B) विरक्ति

(C) मुक्ति

(D) प्रेम

83. निम्नलिखित में से बेमेल शब्द-युग्म छाँटिए :

(A) कटक – सोना

(B) तरणि – सूर्य

(C) प्रतीप – विपरीत

(D) लक्ष – उद्देश्य

84. बेमेल विलोमार्थक शब्द छाँटिए :

(A) ग्रस्त – मुक्त

(B) देव – दानव

(C) नूतन – नवीन

(D) अवनत – उन्नत

85. 'जिजीविषा' से तात्पर्य है :

(A) मोक्ष की इच्छा रखना

(B) जीवन की इच्छा रखना

(C) कुछ जानने की इच्छा रखना

(D) क्षमा करने की क्षमता रखना

86. किए गए उपकार को मानने वाला कहलाता है :

(A) उपकारी

(B) कृतज्ञ

(C) आदरणीय

(D) कृतघ्न

87. 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) उर्वी

(B) तनया

(C) अर्कजा

(D) नंदिनी

88. 'आगामी' का विलोम शब्द है :

(A) अगला

(B) अधिक

(C) विगत

(D) आने वाला

89. 'अल्पज्ञ' का विलोम शब्द है :

(A) वाचाल

(B) क्रोधी

(C) बहुज्ञ

(D) मन्दबुद्धि

90. 'इच्छा' का पर्यायवाची शब्द *नहीं* है :

(A) ईहा

(B) वांछा

(C) ईप्सा

(D) उल्लास

91. 'ईंट से ईंट बजाना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) नष्ट कर देना

(B) वीरगति पाना

(C) नियम के विरुद्ध कार्य करना

(D) घर तोड़ देना

92. 'प्रतिफल' में कौन-सा समास है ?

(A) कर्मधारय समास

(B) अव्ययीभाव समास

(C) तत्पुरुष समास

(D) बहुव्रीहि समास

93. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटिए :

(A) वाल्मिकी

(B) वाल्मीकि

(C) बाल्मीक

(D) वाल्मीक

94. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी छाँटिए :

(A) आर्शीवाद

(B) आशीवार्द

(C) आंशीवाद

(D) आशीर्वाद

**95.** 'भव' का अनेकार्थक शब्द ***नहीं*** है :

(A) कुशल

(B) महादेव

(C) संसार

(D) सम्मान

**96.** 'जिसके बिना काम न चल सके' वह शब्द है :

(A) आवश्यक

(B) अनमोल

(C) अपरिहार्य

(D) अनिर्वचनीय

**97.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए :

(A) ईश्वर के अनेकों रूप हैं।

(B) मैं अगले साल यहाँ पढ़ता था।

(C) बाज़ार में भारी-भरकम भीड़ जमा थी।

(D) मुझे उपर्युक्त शर्तें स्वीकार हैं।

**98.** 'वामांगी' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) पत्नी

(B) पृथ्वी

(C) मयूख

(D) नदी

**99.** 'किसी गलती पर दु:खी होने' को कहते हैं :

(A) क्लेश

(B) पीड़ा

(C) खेद

(D) शोक

**100.** 'अमिय' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) अमृत

(B) गंगा

(C) अग्नि

(D) विष्णु

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK